29- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/29/2025 12:03 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




परशु' प्रतीक है पराक्रम का। 'राम' पर्याय है सत्य सनातन का। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिंबित होते हैं, परंतु मेरी मौलिक और विनम्र व्याख्या यह है कि 'परशु' में भगवान शिव समाहित हैं और 'राम' में भगवान विष्णु। इसलिए परशुराम अवतार भले ही विष्णु के हों, किंतु व्यवहार में समन्वित स्वरूप शिव और विष्णु का है।

इसलिए मेरे मत में परशुराम दरअसल 'शिवहरि' हैं। पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पाँचवें पुत्र का नाम 'राम' ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्ना करके उनके दिव्य अस्त्र 'परशु' (फरसा या कुठार) प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। 'परशु' प्राप्त किया गया शिव से। शिव संहार के देवता हैं। परशु संहारक है, क्योंकि परशु 'शस्त्र' है। राम प्रतीक हैं विष्णु के। विष्णु पोषण के देवता हैं अर्थात् राम यानी पोषण/रक्षण का शास्त्र। शस्त्र से ध्वनित होती है शक्ति। शास्त्र से प्रतिबिंबित होती है शांति। शस्त्र की शक्ति यानी संहार। शास्त्र की शांति अर्थात् संस्कार। मेरे मत में परशुराम दरअसल 'परशु' के रूप में शस्त्र और 'राम' के रूप में शास्त्र का प्रतीक हैं। एक वाक्य में कहूँ तो परशुराम शस्त्र और शास्त्र के समन्वय का नाम है, संतुलन जिसका पैगाम है। अक्षय तृतीया को जन्मे हैं, इसलिए परशुराम की शस्त्रशक्ति भी अक्षय है और शास्त्र संपदा भी अनंत है। विश्वकर्मा के अभिमंत्रित दो दिव्य धनुषों की प्रत्यंचा पर केवल परशुराम ही बाण चढ़ा सकते थे। यह उनकी अक्षय शक्ति का प्रतीक था, यानी शस्त्रशक्ति का। पिता जमदग्नि की आज्ञा से अपनी माता रेणुका का उन्होंने वध किया। यह पढ़कर, सुनकर हम अचकचा जाते हैं, अनमने हो जाते हैं, लेकिन इसके मूल में छिपे रहस्य को/सत्य को जानने की कोशिश नहीं करते। परशुराम जयंती' हिंदुओं का एक प्रसिद्ध त्यौहार है। यह पर्व हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन (तृतीया) को मनाया जाता है। यह त्यौहार पुरे भारत में धूम-धाम से मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का प्रसिद्ध पर्व भी इसी दिन मनाया जाता है।


## शुद्ध, जागृत, महान बुद्धि से सुशोभित और युद्ध के मैदान में कुशल

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## की हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान परशुराम वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन अवतरित हुए भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। इन्हें विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है क्योंकि इनके क्रोध की कोई सीमा नहीं थी। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध स्वरूप इन्हें हैहय वंशी क्षत्रियों के साथ 21 बार युद्ध करने व उनका समूल नाश करने के लिये जाना जाता है। अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिये इन्होंने अपनी माता सहित अपने सभी भाईयों का शीष धड़ से अलग कर दिया था। हालांकि उन्हें पुनर्जीवित करने का वरदान भी बाद में पिता जमदग्नि से मांगा। इन्हीं परशुराम को भगवान विष्णु के दसवें अवतार जो कि कल्कि के रूप में अवतरित होंगे का गुरु भी माना जाता है। भगवान रामायण से लेकर महाभारत तक भगवान परशुराम के शौर्य की गाथा बहुत ही रोमांचक है। परशुराम जयंती पर आइये जानते हैं उनसे जुड़ी पौराणिक कथाएं। सदियों नहीं युगों पुरानी बात है कि कन्नौज में गाधि नाम के राजा राज्य किया करते थे। उनकी कन्या रूपगुण से संपन्न थी जिसका नाम था सत्यवती। विवाहयोग्य होने पर सत्यवती का विवाह भृगु ऋषि के पुत्र ऋषिक के साथ हुआ। विवाहोपरांत जब ऋषि भृगु ने अपनी पुत्रवधु को वरदान मांगने के लिये कहा तो सत्यवती ने अपनी माता के लिये पुत्र की कामना की। भृगु ऋषि ने दो चरु पात्र देते हुए कहा कि इन दोनों पात्रों में से एक तुम्हारे लिये है और दूसरा तुम्हारी माता के लिये जब तुम दोनों ऋतु स्नान कर लो तो पुत्र इच्छा लेकर पीपल के वृक्ष से तुम्हारी मां आलिंगन करें और तुम गूलर के वृक्ष से। तत्पश्चात अपने-अपने चरु पात्र का सावधानी से सेवन करना। तुम्हारी कामना पूर्ण होगी। सत्यवती की मां को जब पता चला कि उत्तम संतान प्राप्ति के लिये भृगु ने सत्यवती को चरु पात्र दिये हैं तो उसके मन में पाप आ गया और उसने सत्यवती के पात्र से अपना पात्र बदल दिया। इसमें सत्यवती का कोई दोष नहीं था उन्होंने सत्यवती से कहा कि हे पुत्री तुम्हारी माता ने तुमसे छल कर तुम्हारे चरु पात्र का सेवन कर लिया तुम्हारी माता वाले पात्र को तुमने ग्रहण किया। अब तुम्हारी संतान जन्म से भले ब्राह्मण हो लेकिन उसका आचरण एक क्षत्रिय जैसा होगा।




HARSH PROJECTS
Rise with us...
S.K. BUILDERS & DEVELOPERS
HARSH PHOENIX CITY
From Concept to Creation...
LAUNCH INVITATION
Join us for the Launch of our new Project
HARSH PHOENIX CITY PHASE 3 & 4
TODAY
Sparkling Feature
We provide every plot with
COMPOUND WALL and GATE
Invest today for better tomorrow I Launching Offer Valid till 7th May 2025
UNFOLDING
New Lands
ADDING
200+
NEW PLOTS
VENUE : HARSH PHOENIX CITY, SECTOR-2
ADDRESS : B.R. YADAV NAGAR, BIJAUR
TIME : 11.00 AM ONWARDS
Actual Image
Society Office Space
24 Hrs. Water Supply through Overhead Tank
Separate Transformer
Rain Water Harvesting
Waterfall
Jogging Track
Yoga and Meditation Area
Dedicated Car Wash Area ( without equipment)
Covered Drainage
Badminton Court I Solar Lights in Selected Areas I Gazebo I Cricket Net I Green Gym I Light Fountain
Scan for Location
Call : 8982002126, 8839455596
SITE : Ward No. 49, B.R. Yadav Nagar, Bijaur, Bahatrai, Bilaspur 495006
PCGRERA210425001912
PCGRERA150425001909
skbuildersanddevelopers@gmail.com
www.harshprojects.in
www.rera.cgstate.gov.in

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 37.6 डिग्री

न्यूनतम 20.5 डिग्री



अलग से बाजार बनाए जाने के बाद भी शनिचरी मुख्य मार्ग पर फल ठेले खड़े किए जा रहे हैं। जिससे यातायात बाधित हो रहा है।



कछुओं की मौत का मामला

## ट्रस्ट के एकाउंटेंट को मिली अग्रिम जमानत

**बिलासपुर।** महामाया मंदिर के तालाब में 23 कछुओं की मौत के मामले में मंदिर ट्रस्ट के एकाउंटेंट को कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। रतनपुर मां महामाया मंदिर के तालाब में 23 कछुओं की मौत मामले की जांच के बाद 25 मार्च को वन विभाग ने वन अपराध क्रमांक 17774/ 1 धारा 9, 39, 1, 2, 3 एवं धारा 49 वन्य प्राणी संरक्षक अधिनियम 1972 के तहत जुर्म दर्ज किया था। इसमें आरोपी मंदिर ट्रस्ट के एकाउंटेंट भेड़ीमुड़ा निवासी गजेन्द्र कुमार तिवारी पिता शरद कुमार तिवारी ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई। कोर्ट ने कुछ नियम शर्तों पर अग्रिम जमानत दे दी है। पूर्व में सहआरोपी सतीश शर्मा को उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। पीड़ित श्री तिवारी की ओर से अधिवक्ता निमेश शुक्ला ने पैरवी की है।

## बिना कारण कोई भी फाइल लंबित न रखें



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शाखा प्रभारी अधिकारी और कर्मचारियों से उनके कामकाज की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बिना वाजिब कारण के कोई भी फाइल को लंबित नहीं रखने की हिदायत दी। उन्होंने करीब सवा 10 बजे कार्यालय का निरीक्षण किया। कई कर्मचारी अपनी सीट पर मौजूद नहीं थे। उनका नाम नोट कर एडीएम के समक्ष उपस्थित होकर कारण बताने के निर्देश दिए। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वेतन काटे जाएंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरएन कुरूवंशी भी उपस्थित थे।

# झमाझम बारिश से भीगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिस्टम के प्रभाव से शहर में मंगलवार की शाम एक घंटे बारिश हुई। तेज हवाओं व बिजली की चमक के साथ हुई बारिश ने कुछ देर के लिए शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया था। इस दौरान शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रही, जिससे अनेक स्थानों पर नगर निगम की पानी सप्लाई भी बाधित रही। लगातार गर्मी से हलाकान हो रहे शहरवासियों को बीते कुछ दिनों से राहत मिल रही है। बदली और बारिश के कारण वातावरण में ठंडक आ गई है।

मंगलवार को भी शहर में दिन का मौसम तो धूप वाला रहा व गर्मी व उमस से लोगों को हलाकान होना पड़ा, लेकिन शाम पांच बजते ही धूल भरी हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ बारिश भी होने लगी। बारिश इतनी तेज थी कि शहर की सड़कें सूनी हो गईं थी। इस समय सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को दुकानों में शरण लेनी पड़ी। बारिश इतनी तेज थी रपटा पुल के ऊपर पानी जमा हो गया था। इसी तरह तेज हवाओं के कारण शहर में अनेक स्थानों पर बिजली भी बंद रही। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेंटीग्रेड व न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बदली व बारिश की स्थिति अभी दो से तीन दिनों तक यथावत रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जाहिर की गई है।



बारिश के बाद शनिचरी रपटा पर भरा पानी।

# अरपा को प्रदूषित होने से कैसे बचा पाएंगे

## हाईकोर्ट ने शासन से उपाय बताने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ अवैध खनन और नदी के संवर्धन को लेकर जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई

अरपा नदी में अवैध खनन और नदी के संवर्धन को लेकर जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सचिव नगरीय प्रशासन से शपथपत्र पर जवाब मांगा है। शपथ पत्र में नदी को प्रदूषित होने से बचाव के लिए किए जा रहे प्रावधान बताने होंगे। नगर निगम की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि एमआईसी और सामान्य सभा में अरपा को साफ सुथरा रखने के लिए बने प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी गई है। डीबी ने अगली सुनवाई 8 मई को निर्धारित की है।

अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन को लेकर एडवोकेट अरविंद शुक्ला व रामनिवास तिवारी ने अलग-अलग जनहित याचिका लगाई है। इसमें नदी के उद्गम स्थल को बचाने के साथ-साथ प्रदूषित होने से रोकने के लिए भी शासन को आवश्यक उपाय करने की बात कही गई। दूसरी ओर अरपा अर्पण महा अभियान समिति ने भी नदी में विभिन्न स्थानों पर हो रहे अवैध खनन को लेकर जनहित याचिका पेश की है। इसमें बताया गया है कि, शासन के प्रतिबंध के बाद भी कई स्थानों पर धड़ल्ले से खनन किया जा रहा है। इस मामले में सुनवाई के दौरान ही बारिश में खनन से बने बड़े गड्ढे में तीन बालिकाओं की नहाते समय मौत हो गई थी। इस पर भी हाईकोर्ट संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।

### निगम का प्रोजेक्ट शासन के पास भेजा गया

मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में सभी प्रकरणों पर एक साथ सुनवाई हुई। इसमें नगर निगम बिलासपुर की ओर से बताया गया कि गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिये जो प्रोजेक्ट बनाया गया है,उसे निगम की सामान्य सभा के साथ ही एमआईसी की बैठक में भी मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद यह प्रस्ताव वित्तीय अनुदान के लिए राज्य शासन के पास भेजा गया है। इस बारे में कोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा कि आप यह सुनिश्चित करें कि शासन से जल्द ही इस पर अमल किया जा सके। इसके लिये सचिव नगरीय प्रशासन से भी शपथपत्र पर जवाब मांगा गया है।

### अवैध उत्खनन पर दर्ज करें एफआईआर

सुनवाई में शासन की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि प्रदेश के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल करते हुए जो 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, वह इस मामले पर गंभीरता से काम कर रही है। हालांकि अभी तक इसकी कोई रिपोर्ट नहीं आई है। इस दौरान अरपा अर्पण महाअभियान के अधिवक्ता अंकित पाण्डेय ने डिवीजन बेंच में सुप्रीम कोर्ट की एक रूलिंग पेश करते हुए बताया कि, अवैध उत्खनन के मामले में स्थानीय पुलिस चाहे तो दोषियों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर सकती है।

# फिर बिजली ने रुलाया, घंटों बंद की समस्या, रात भर जारी रही लुकाछिपी

एक बार फिर मंगलवार की शाम आई अंधड़ और बारिश के बीच शहर के ज्यादातर इलाके अंधेरे में डूब गए। शाम 5.30 बजे से बंद लाइट रात 9 बजे तक नार्मल नहीं हो सकी, हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी दे रात का फाल्ट सुधारने में लगे रहे। बताया जा रहा है कि 33 केवी शनिचरी सबस्टेशन में फाल्ट ढूंढने में कर्मचारियों को काफी समय लग गया, जिसके चलते जूना बिलासपुर, तेलीपारा, मेडिकल कॉम्प्लेस जैसे क्षेत्रों में बिजली 9 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई नार्मल की गई, वहां भी लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बंद होने की शिकायत मिली।



मौसम ने मिजाज बदल लिया है, लेकिन इससे बिजली अधिकारी और कर्मचारियों की शामत आ चुकी है। लगातार बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो रही है और अधिकारी फाल्ट तक नहीं खोज पा रहे हैं। मंगलवार को अंधड़ के बाद पूरे शहर की बिजली डेढ़ घंटे के लिए बंद हो गई, 33 केवी ब्रेकडाउन होने से सप्लाई बाधित रही, लेकिन फीडरों को चालू करने के बाद एक के बाद एक फाल्ट आने लगे और कई घंटों तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। 5 बजे से 7.30 बजे तक शहर के अलग-अलग हिस्से में बिजली बंद रही। बताया जा रहा है कि 33 केवी शनिचरी सबस्टेशन के अंतर्गत फाल्ट ढूंढने में कर्मचारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी,बताया जा रहा है कि दोनों ओर से आने वाली सप्लाई में दिक्कत रही, एक ओर पेड़ की डंगाल गिर गई थी, वहीं दूसरी ओर फाल्ट नहीं मिलने के कारण दिक्कतें बढ़ीं, जिसके चलते तेलीपारा, सिटी कोतवाली और मेडिकल कॉम्प्लेस जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही। इस दौरान करबला फीडर में फ्लैक्स गिरने के कारण लाइन में बार-बार फाल्ट आते रहा, जिससे सुधार कर सप्लाई नार्मल की गई।


### नार्मल की गई सप्लाई

आंधी तूफान के समय एहतियात के तौर पर बिजली बंद की जाती है, इसके बाद फीडर चालू कर दिया जाता है, कहीं -कहीं फाल्ट मिलते हैं, जिससे सुधारा जाता है। हमने शहर की लाइट 7 बजे तक नार्मल कर लिया था। शनिचरी सबस्टेशन की दोनों सप्लाई फाल्ट के कारण शुरू नहीं की जा सकी थी लेकिन देरी से ही सही लेकिन सप्लाई नार्मल की गई है।

- पीआर साहू
अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग

### लो-वोल्टेज की समस्या बार बार बिजली बंद

बताया जा रहा है कि व्यापार विहार, टिकरापारा और उदई चौक, नागोरॉव शेष स्कूल के आसपास के लो वोल्टेज की समस्या रही, जूना बिलासपुर क्षेत्र के कई इलाकों में बार-बार बिजली आती और जाती रही, उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की, तब जाकर सुधार कार्य हो सका।



■ पेड़ गिरने की वजह से बिरकोना सबस्टेशन से सप्लाई रही बाधित।

■ अंधड़ की वजह से कई क्षेत्रों में 4 घंटे बंद रही बिजली।

### गणेश चौक में इंसुलेटर बर्स्ट

आंधी और तूफान के साथ हुई बारिश के बीच कई बार बिजली चमकने की नौबत निर्मित हुई, जिसके चलते शहर के साथ ही आसपास के गांवों में इंसुलेटर बर्स्ट होने की घटना बढ़ गई। गणेश चौक में लगे इंसुलेटर बर्स्ट होने के कारण पूरे क्षेत्र की बिजली बंद रही, हालांकि विभाग ने इसे जल्द ही सुधार लिया और 2 घंटे के बाद क्षेत्र की बिजली नार्मल कर ली गई।

## दो निजी चाइस सेंटरों की शिकायत, बंद की आईडी

**बिलासपुर।** दो निजी चाइस सेंटर संचालकों पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने उनकी आईडी बंद करा दी है। निजी चॉइस सेंटर की नायब तहसीलदार सीपत द्वारा की गई शिकायत जांच में सही पाए जाने पर उनकी आईडी वापस ले ली गई है। इससे वे शासकीय कामकाज करने के लिए अपात्र हो गए हैं। चिप्स कार्यालय के ईडीएम ने बताया कि कार्रवाई के पूर्व दोनों संचालकों को अपना पक्ष रखने नोटिस प्रेषित किया गया था। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार सीपत द्वारा कार्यालय जिला कलेक्टर बिलासपुर को तखतपुर ब्लॉक के ग्राम अमसेना में संचालित सीएससी केन्द्र संचालक अरविन्द कुमार पटेल और ग्राम पंचायत मस्तूरी में संचालित निजी चॉइस सेंटर के संचालक अरूण कुमार गोयल के विरुद्ध शिकायत मिली थी, जिसमें ईडीएम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि संचालक अरविन्द कुमार पटेल द्वारा निजी चॉइस सेंटर की आईडी होते हुए भी फर्जी तरीके से मितान आईडी से आवेदक का आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए सीपत तहसील में आवेदन किया गया और अनुमोदन के लिए शासकीय अधिकारी को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। जो पूरी तरह से अनुचित है। वहीं निजी चॉइस सेंटर संचालक अरूण कुमार गोयल द्वारा आय प्रमाण पत्र के लिए त्रुटि पूर्ण आवेदन करते हुए, त्रुटि बताए जाने पर भी बिना सुधार के बार बार पुनः आवेदन किया गया। दोनों संचालकों के विरुद्ध तथ्यों को छुपाने, त्रुटिपूर्ण आवेदन करने जैसे आरोप सही पाए गए है।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी, और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। "

कार्यक्रम

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोट:- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार:
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

विनीत: अशोक चन्द्राकर (पुत्र)
ललित चन्द्राकर (पुत्र)
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा)
छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)

निवास: गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे

षष्ठम पुण्यतिथि

जयन्ति ते सुकृतिनो लोकरक्षणतत्पराः। नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम् ॥
लोक के कल्याण में जीवन बिताने वाले वे मनस्वी पुरूष अमर है,
जिनके यशः शरीर में वृद्धावस्था तथा मृत्यु का भय नहीं है।
निर्बल के राम...बलराम

जन्म
1 जुलाई 1939



निर्वाण
30 अप्रैल 2019

स्व. बलराम सिंह
पूर्व महापौर बिलासपुर एवं पूर्व विधायक तखतपुर
आजीवन अध्यक्ष सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया देवी ट्रस्ट

भावपूर्ण श्रद्धांजली

आपकी मधुर स्मृतियां हमारा संबल है।
आपके आदर्श, मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे।
आपकी पुण्यतिथि पर हम समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करते हैं।
आपका आशीर्वाद सदा बना रहे...

श्रीमति आशा देवी सिंह
अखिलेश सिंह, आभा सिंह, आशिष सिंह ठाकुर, डॉ. रश्मि आशिष सिंह, आलोक सिंह, माया सिंह, अवधेश सिंह, अनुभा सिंह, डॉ. अखिल सिंह, आदित्य सिंह, स्वेच्छा सिंह, अपर्णा सिंह, डॉ. ऐश्वर्या सिंह, आयुष सिंह, रूशाली सिंह, अंकित सिंह, निमिशा सिंह, डॉ. अभ्युदय सिंह, दिप्ती सिंह, अभ्युन्नति सिंह, आयुषी सिंह, आर्यादित्य सिंह, अथर्व सिंह, आरूषी सिंह, अनंतजीत सिंह, नायशा सिंह, अरिदमन सिंह, अभिविश्रुत सिंह, नव्या सिंह

# हथकड़ी खोलकर जिला अस्पताल से एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भागा, हवलदार सहित दो आरक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सिपाहियों को चकमा देकर एनडीपीएस एक्ट का आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गया। एसएसपी ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। बहरहाल पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, केन्द्रीय जेल में बंद अपराध क्रमांक 297/ 2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का आरोपी सक्ती, हसौद मरघटी निवासी उत्तरा कुमार खुंटे पिता होरीलाल खुंटे 36 साल को श्वास लेने में परेशानी होने पर 26 अप्रैल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी सुरक्षा में पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो, आरक्षक पुरूषोत्तम दास पंत व रजनीश लहरे की ड्यूटी लगाई गई थी। 28 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे आरोपी उत्तरा कुमार खुंटे सुरक्षा में तैनात आरक्षक रजनीश लहरे को चकमा देकर हाथ से हथकड़ी खोलकर आसानी से भाग गया और सुरक्षा में तैनात सिपाही को भनक तक नहीं लगी। पूछताछ में आरक्षक रजनीश लहरे ने बताया सुबह 8.30 बजे फ्रेश होने बाथरूम चला गया था। उसी समय आरोपी हाथ से हथकड़ी निकालकर भाग गया। उसने अस्पताल व आसपास में फरार आरोपी की तलाश की किन्तु वह नहीं मिला। पुलिस ने प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो की रिपोर्ट पर फरार आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

### आरोपी खोजने गया और टीआई बनकर करने लगा वसूली, पहुंचा जेल



सक्ती एडीशनल एसपी हरीश यादव ने बताया, बिलासपुर पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक रजनीश लहरे गाड़ी मालिक व एक दोस्त के साथ जिला अस्पताल से फरार आरोपी सक्ती, हसौद मरघटी निवासी उत्तरा कुमार खुंटे खोजने के लिए डभरा गया था। सोमवार की रात 3 बजे आरक्षक दो साथियों के साथ डभरा चंदरपुर के बीच गाड़ी खड़ाकर अपने आपको डभरा टीआई बताकर ड्राइवरों से अवैध वसूली कर रहा था। सूचना पर डभरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षक रजनीश लहरे व गाड़ी मालिक को पकड़ लिया। वहीं उसका एक साथी भाग निकला। पुलिस ने अवैध वसूली का मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

### आरक्षकों ने बरती घोर लापरवाही

एसएसपी रजनेश सिंह ने अस्पताल में भर्ती एनडीपीएस एक्ट के आरोपी की सुरक्षा ड्यूटी में घोर लापरवाही बरतने पर प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो, आरक्षक पुरूषोत्तमदास पंत व रजनीश लहरे को निलंबित कर दिया है।

### कैसे खुल गई हथकड़ी

ड्यूटी में तैनात आरक्षक का कहना है वह फ्रेस होने चला गया और आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गया, जो किसी के गले से नीचे नहीं उतर रहा है। आखिरकार आरोपी भारी भरकम हथकड़ी कैसे खोल सकता है। वहीं अन्य दो सिपाही उस दौरान कहां थे।

### निलंबित किया गया

इलाज के दौरान अस्पताल से जेल में बंद एनडीपीएस एक्ट का आरोपी भागने पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले प्रधान आरक्षक व दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है, उसमें खुलासा हो पाएगा आरोपी कैसे भागा है।

**-रजनेश सिंह**, एसएसपी

## खबर संक्षेप

### ठेलेवाले को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गुंडागर्दी कर ठेलावाले को धमकाने व ठेला में तोड़फोड़ करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को सिरगिट्टी गोविंदनगर शराब दुकान के पास एक युवक गुंडागर्दी करते हुए ठेलावाले को गाली गलौज करते हुए धमका रहा था। मोबाइल से वीडियो बनाने पर युवक ने उसके ठेला में जमकर तोड़फोड़ कर दिया। ठेला वाले ने वीडियो सहित थाने में शिकायत की। पुलिस ने गुंडागर्दी करने वाले बरईया नामक युवक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, कोनी नवागांव निवासी सनी उर्फ सक्ति सिंह पिता मान सिंह पोर्ते 18 साल नशे करने का आदी था। सोमवार को नशा किया था और पारिवारिक शादी कार्यक्रम के बाद रात 12 बजे अपने कमरे में सोने गया। मंगलवार की सुबह 5 बजे घरवाले देखे तो उसकी घर के म्यार में फांसी पर लटकी लाश मिली।

## कार्रवाई...



अवैध निर्माण को तोड़ते नगर निगम के कर्मचारी।

# दो मंजिला शादी भवन पर चला निगम का बुलडोजर, फुटपाथों पर भी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जरहाभाठा में मंदिर चौक स्थित नजूल भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 2 मंजिला भवन को तोड़ दिया है।

■ बैगर अनुमति शहर के कई क्षेत्रों में हो रहा अवैध निर्माण

निगम के मुताबिक यहां शादी भवन बनाया जा रहा था। इस अवैध निर्माण की शिकायत पर निगम ने कुछ दिन पहले ही नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी लेकिन भूमि स्वामी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने भवन निर्माण की अनुमति नहीं ली और नियम विरुद्ध निर्माण कार्य जारी रखा। जिसके बाद आयुक्त के निर्देश पर अवैध निर्माण को निगम के अतिक्रमण दस्ते ने मंगलवार को तोड़ा दिया। देखा जाए तो शहर में निगम के बिना अनुमति लिए कई क्षेत्रों में अवैध निर्माण किया जा रहा है।

इस पर नोटिस जारी कर तोड़ने की कार्रवाई भी निगम द्वारा कई बार की जाती है। इसके बाद भी अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पा रही है। इसके साथ ही मंदिर चौक से इंदू चौक तक फुटपाथ पर किए गए कब्जे को हटाया गया।

### युवक ने युवती पर किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** हाथ न मिलाने से मना करने पर नारा युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर मुरूम खदान अटल आवास निवासी शारदा गौरहा पिता सुरेश गौरहा ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी भाई बहू कुसूम गौरहा पिछले एक सप्ताह से उनके घर आई हुई। 26 अप्रैल को शाम 7 बजे शारदा अपने भाई बहू के साथ बाहर खिड़की के पास खड़ी थीं। इसी दौरान कृष्णा के डी अपने साथियों के साथ आया और शारदा की भाई बहू को बहुत दिनों बात आई हो बोलकर हाथ मिलाने लगा। उनकी बहू ने हाथ मिलाने से मना करते युवक को एक झापड़ मार दिया। इस पर कृष्णा के डी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू से उस पर हमला कर दिया। बहू अपना बचाव करते हुए हट गई, जिससे चाकू शारदा गौरहा के सीने लगा और वो घायल हो गई। चाकूबाजी की वारदात से आसपास में हड़कंप मच गया। परिजनों उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया।















29 APRIL- BSP-EXTRA A_Layout 1 4/30/2025 12:24 AM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025



## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्केटिंग शिविर का शुभारंभ



**बिलासपुर।** सरकंडा थाना और फ्यूजन स्केटिंग क्लब द्वारा निशुल्क स्केटिंग शिविर का शुभारंभ सोमवार को साइंस कालेज मैदान में किया गया। यह आयोजन चेतना कार्यक्रम अंतर्गत आओ संवारे कल अपना अभियान के तहत किया जा रहा है, जो एक माह तक चलेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में चलाए जा रहे चेतना कार्यक्रम के तहत आओ संवारे कल अपना के अंतर्गत सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित साइंस कालेज मैदान में 1 माह (29 अप्रैल से 30 मई तक) का ग्रीष्मकालीन निशुल्क बच्चों के लिए स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने नशामुक्ति, साइबर फ्रॉड, ट्रैफिक जागरूकता, टोल फ्री नंबर 1933 आदि के संबंध में बच्चों और उनके अभिभावकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल, थाना प्रभारी सरकंडा निलेश पांडेय, फ्यूशन स्केटिंग क्लब प्रेसिडेंट सीमा पांडे, जिला स्केटिंग क्लब प्रेसिडेंट निलेश मांधेवर और स्केटिंग प्रशिक्षक शिरीन उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल फोन से दूर करना एवं नशे के खिलाफ जागरूक करना है। प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे तक साइंस कॉलेज मैदान में होगा।

कमिश्नर-आईजी ने नीट परीक्षा की तैयारी की समीक्षा

# नीट परीक्षा: एनटीए की गाइडलाइन और एसओपी का अक्षरशः पालन करें अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नीट की परीक्षा इस बार रविवार 4 मई को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों आयोजित की गई है। चिकित्सा कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के मेरिट के आधार पर तय होती है।

■ 4 मई को 21 केंद्रों में होगी परीक्षा

संभागायुक्त सुनील जैन और आईजी संजीव शुक्ला ने मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर इसके लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने एनटीए की गाइडलाइन और एसओपी की जानकारी देकर इनका अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित नोडल अधिकारी और सभी केंद्राध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित थे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा के लिए जारी एसओपी का अक्षरशः पालन करना है। सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। बच्चों को ज्यादा समय धूप में ना रहना पड़े। परीक्षा केंद्रों में बच्चों के इंटर करने की प्रकिया शीघ्रता से पूरा करें ताकि बच्चों को ज्यादा समय धूप में न रहना पड़े। परीक्षा के दौरान वर्जित सामनों की सूची बनाकर केंद्र के बाहर लगवा दें।




परीक्षा को लेकर अफसरों से चर्चा करते संभाग आयुक्त व आईजी।

### 4 मई को दोपहर 2 बजे से होगी परीक्षा

अफसरों ने बताया कि नीट की परीक्षा 4 मई रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। सुबह 11 बजे तक बच्चों को परीक्षा केंद्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

### 21 केंद्रों में होगी परीक्षा

कमिश्नर श्री जैन ने बताया कि बिलासपुर के 21 केंद्रों में 4 मई को परीक्षा होगी और इसमें 7544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। गर्मी के मद्देनजर बच्चों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने चाहिए। पानी पिलाने के लिए कर्मचारियों की भी पर्याप्त संख्या हो। व्हील चेयर की व्यवस्था हो। दिव्यागजनों के लिए नीचे के कमरों में बैठने की व्यवस्था हो। विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। कमिश्नर ने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें पास जारी किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने कहा। अनधिकृत कोई भी व्यक्ति केंद्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आईजी श्री शुक्ला ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों की नामजद ड्यूटी लगाई जाए।

# एसईसीएल के कोयला गुणवत्ता सुधार प्रयासों को सतर्कता आयोग ने सराहा

**बिलासपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली ने कोयला उद्योग की सतर्कता संबंधी समीक्षा बैठक ली। इसमें एसईसीएल द्वारा कोयला गुणवत्ता में सुधार लाने किए गए प्रयासों की विशेष सराहना की गई।

■ कोयला गुणवत्ता सुधार में एसईसीएल के प्रयासों को बताया अनुकरणीय उदाहरण

इस दौरान एसईसीएल सतर्कता विभाग ने बताया कि कंपनी ने कोल क्वालिटी सुधार करने कई सुधारात्मक एवं नवाचारी पहल की है। इसके परिणामस्वरूप ग्रेड कन्फर्मेशन का स्तर 60% से बढ़कर 80% तक पहुंच गया है। सतर्कता, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग तथा विभिन्न परिचालन क्षेत्रों के संयुक्त प्रयासों के तहत, सैंपलिंग प्रक्रिया को सख्त बनाया गया है, तकनीकी निरीक्षण में उत्तरदायित्व तय किया गया है और निगरानी प्रणाली में पारदर्शिता लाई गई है। इन कदमों से कोयला गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैठक में केंद्रीय सतर्कता आयोग ने एसईसीएल द्वारा अपनाई गई इन रणनीतियों को अन्य कोयला कंपनियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया।



आयोग ने सुझाव दिया कि अन्य कंपनियों को भी इसी तरह की पहल अपनाकर अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए।

### इन विषयों पर हुई चर्चा

बैठक में कोयला चोरी की रोकथाम, कंपनियों की भूमि एवं आवासों पर अवैध कब्जा, भारी एचईएमएम मशीनों के रखरखाव, पर्यावरणीय अनुपालन, कोयला स्टॉक की सटीक गणना, पीएफ- पेंशन सेवाओं का डिजिटलीकरण तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। आयोग ने इन सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी, समयबद्ध रिपोर्टिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी कोल कंपनियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बैठक में केंद्रीय सतर्कता आयोग, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के अफसर मौजूद थे।

नए क्षेत्रों का करेंगे विस्तार

# पुरानी बसाहट में विकास मुश्किल: कलेक्टर

### गिरते भू जल स्तर व बारिश के पानी के प्रबंधन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के पुरानी बसावट में अब ज्यादा विकास के कार्य करने की जगह नहीं बची है, साल 2007 के बाद शहर का क्षेत्र अब बढ़ चुका है, ऐसे में नए क्षेत्रों में ही ज्यादातर विकास कार्य हो सकेंगे। जिले में भू जल स्तर को लेकर कहा कि बारिश के तरीके बदल चुके हैं, अब तेज बारिश होती है और पूरा पानी नदी, नालों से बाहर जा रहा है। सभी को मिलकर काम करना होगा और ज्यादा से ज्यादा बारिश का पानी बचाने पर फोकस करना होगा।



■ कहा पीएम आवास में बरती जा रही है पारदर्शिता

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन की योजना को बेहतर ढंग से संचालित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के दौरान अबतक 2 हजार आवेदन पीएम आवास के लिए आए हैं, पीएम आवास योजना पूरी तरह से पारदर्शी है, प्रतीक्षा सूची नगर निगम व पंचायत में मिल जाती है, जिनका नाम लिस्ट में है, उन्हें ही आवास का लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि पेड़ लगाने से काम नहीं चलेगा, इसके संरक्षण की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने पानी बचाने के लिए बड़े आंदोलन की बात कही। उन्होंने कहा कि जमीन की कमी के चलते नए तालाब नहीं बनाए जा सकते हैं, बारिश का पानी महज रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने से नहीं बचाया जा सकता है, इसके लिए एकजुटता के साथ सभी को प्रयास करना होगा। उन्होंने माना कि लोग पेड़ लगाते हैं, लेकिन उन्हें जीवित नहीं रख पाते हैं। स्थानीय लोगों को अपने आसपास पेड़ लगाना होगा और उसे संरक्षित भी करना होगा।

### नियमों का पालन करते हुए होगा कोयला परिवहन

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार कोयले का परिवहन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। कैप कवर के बिना परिवहन नहीं हो, इसके लिए निर्देश दिए जाएंगें। इससे धूल और प्रदूषण पर लगाम लग सकेगा। इसके साथ ही सड़कों पर मवेशियों की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्ययोजना बनाई जाएगी और संबंधित विभागों को निगरानी करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।



29-APR--REGNOL--BSP (B)-pg-EXTRA PAGE_Layout 1 4/30/2025 12:16 AM Page 1



# आस-पास से पानी लेकर गुजारा करने को मजबूर वार्ड 6 के लोग

नपा के वार्ड क्रमांक 6 में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। वार्डवासी आस-पास से पानी की व्यवस्था कर गुजारा करने को मजबूर हैं। इन दिनों पूरे तखतपुर नगर पालिका क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है, वार्डवासी हफ्तों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

हर वार्ड में वाटर लेवल नीचे हो गया है एवं सार्वजनिक बोर में भी पानी नहीं निकल पा रहा है, जिसके लोगों को निस्तारी की भारी समस्या हो रही है। इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली कटौती भी एक प्रमुख समस्या है, जिसे लोग भीषण गर्मी में परेशान हो रहे हैं। लगभग हर वार्ड से पानी की समस्या को लेकर नगरपालिका में जाकर ज्ञापन और आवेदन दिए जा चुके हैं, परंतु अभी तक कोई सार्थक पहल नहीं सकी है। वार्ड क्रमांक 6 में पानी की समस्या इतनी बढ़ गई है कि लोग आसपास के घरों से पानी लेकर गुजारा करक रहे हैं। वार्डवासी राजेंद्र सोनी, अरूण दुबे, अनिल सोनी, आकाश गुप्ता, प्रभात निर्मलकर, अश्वनी शर्मा, मंगल राम गुप्ता, अजय पाण्डेय, रामकुमार निर्मलकर, सुरेश यादव, रवि गुप्ता सहित अन्य ने पानी की समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की है।



## 1 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार




**तखतपुर।** गांजा की अवैध तस्करी करने वाले आरोपी के पास से 1 किलो सात 7 ग्राम गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि टिकरीपारा निवासी नरेश सिंह ठाकुर गांजा की अवैध तस्करी कर रहा है। सूचना पर ही पुलिस ने 28 अप्रैल को सुबह घेराबंदी कर हिंदू एकता मंच एनीकट के पास एक व्यक्ति को 1 किलो 7 सौ ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बारिश से तापमान में गिरावट, गर्मी से राहत

**लोरमी।** एक घंटे की बेमौसम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। मंगलवार की शाम 5 से 6 बजे तक नगर में तेज आंधी के साथ जमकर बारिश हुई, जिससे लोगों को न सिर्फ भीषण गर्मी से राहत मिली, बल्कि उड़ते ढालों पर बारिश के पानी ने अपना काम किया। गौरतलब है कि विगत दो दिनों से रोज शाम बिन मौसम आंधी के साथ बरसात से तापमान में जहां गिरावट हुई है, वहीं इससे गर्मी की फसल को भी फायदा मिल रहा है।




## एसडीओपी मोहले ने ग्रहण किया पदभार



**मस्तूरी।** लालचंद मोहले ने सोमवार को एसडीओपी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। इससे पहले भी वे मस्तूरी थाने मेंथाना प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं।

स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा पत्रकारों ने एसडीओपी लालचंद मोहले का गुलदस्ता देकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मोहले ने बताया कि विधि व्यवस्था का संधारण, अपराध नियंत्रण करना पहली प्राथमिकता रहेगी। संवेदनशील मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाएगा एवं रात्रि में गश्त पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि आम जनता एवं पुलिस के बीच मधुर सम्बन्ध स्थापित करने अभियान चलाया जाएगा। स्वागत करने वालों में भाजपा नेता राजेश्वर भार्गव, युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र अनुरागी भाजपा युवा नेता सुभाष टंडन, सौमित्र शुक्ला, सोमू राठौर ,आदित्य लहरे, वान्या तिवारी, जयकिशन साहू, आशीष अवस्थी, अमित तिवारी, पत्रकार प्रमोद अवस्थी, संतोष सिंह ठाकुर, हरिओम श्रीवास, करण अंचल तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मस्तूरी जनपद में सामान्य प्रशासन समिति के सभापति का चुनाव



**मस्तुरी।** मंगलवार को जनपद पंचायत मस्तूरी के सभा कक्ष में सामान्य प्रशासन समिति के सभापति चुनाव के लिए बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभाग के सभापतिओं का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर को शिक्षा समिति का सभापति एवं धरम भार्गव, राकेश शर्मा, ज्वाला प्रसाद बंजारे एवं अनिता गुप्ता को बतौर सदस्य शामिल किया गया। इसी प्रकार जनपद सदस्य ओमप्रकाश गौरहा को संचार एवं संकर्म समिति का सभापति एवं धरम भार्गव, राकेश शर्मा, अनिता गुप्ता एवं उषा देवी केंवट को सदस्य, जनपद सदस्य मनोज खरे को कृषि समिति का सभापति एवं मंजू देवी कुर्रे, लवंगलता कार्तिक राम पटेल, चांदनी रात्रे, प्रतिभा वीरू अंचल को सदस्य बनाया गया। जनपद सदस्य सरिता नरेंद्र नायक को सहकारिता और उद्योग समिति का सभापति एवं देवेंद्र कृष्णन, हेमचंद भार्गव, अंजनी भास्कर पटेल, लक्ष्मी बाई पोर्ते को सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित सभापति एवं सदस्यों के नाम की अधिकृत घोषणा पीठासीन अधिकारी प्रवेश पैकरा ने की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरस्वती बाई सोनवानी, सीईओ जे आर भगत , वरिष्ठ करारोपण अधिकारी बीएल कुर्रे, लेखापाल अनिल दुबे, विजय पांडेय, दिनेश श्रीवास सहित जनपद के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER FOR FLY/POND ASH DISPOSAL/TRANSPORTATION**

**Ref. No: MCCPL/Ash Transportation/2025/001**

**Description:** We, Maruti Clean Coal and Power Limited (MCCPL) are operating 1x300 MW Thermal Power Plant at Village-Bandhakhar, Tehsil-Pali, District - Korba (Chhattisgarh). Invites proposal for Fly/Pond ash disposal - Transportation of 02 Lakhs MT of ash from our plant to.

1) Konkona Mines, Village-Konkona, Teh. - Podi Uproda, Distt. Korba up to distance "65" kms.
2) And /or other Location

Transportation to be done through self-tippling Open Tipper/Trucks but dully covered with tarpaulin or suitable means as per applicable MOEF & CC Notifications & guidelines Rates may be quoted as below:
Rs. .... per MT per km up to 50 kms
Rs. .... per MT per km 51-100 kms

**Eligibility Criteria:** Bidder must have fleet of 25 or more vehicles. Proof of fleet is required to be submitted to get qualify. Bidder should have completed or carried out similar nature of work i.e. Transportation of Fly/Pond Ash for Mines area during the last (05) five years as on the last date of Bid submission. The relevant documents need to be submitted along with the bid.

Interested and eligible bidders may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time.

**Tender available:** from 30.04.2025 at 11.00 Hrs. to 05.05.2025 at 16.00 Hrs.

**Last date of Bid submission:** 05.05.2025 up to 17.00 Hrs.

**Contact details:** Deepak Kumar Pattanaik, Mob No - +91-9692159526

**Address:** Maruti Clean Coal and Power Limited, Vill-Bandhakhar, Tehsil-Pali, Distt-Korba (CG)

**-S/d-**
**Maruti Clean Coal and Power Limited**

**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER FOR FLY/POND ASH LOADING, UNLOADING & BACK FILLING WITH SOIL**

**Ref. No: MCCPL/Ash Loading/2025/002**

**Description:** We, Maruti Clean Coal and Power Limited (MCCPL), are operating 1x300 MW Thermal Power Plant at Village-Bandhakhar, Tehsil-Pali, District - Korba (Chhattisgarh). Invites proposal for Loading, Unloading of Fly / Pond ash at the designated location & Dozing, Leveling & Back Filling with Soil.

Rates may be quoted as below:
Loading Rs. .... per MT (If loaded from other than silo)
Un loading Rs. .... per MT
Dozing & Leveling Rs. .... per MT
Back Filling with Soil Rs. .... per MT

**Eligibility Criteria:** Bidder must have sufficient numbers of earth mover vehicles to execute the work. Proof of owned earth mover vehicles is required to be submitted to get qualifies. Bidder should have completed or carried out similar nature of work i.e. Loading, Unloading of Fly / Pond ash for Mines area and Dozing, Leveling & Back Filling with Soil during the last (05) five years as on the last date of Bid submission. The relevant documents need to be submitted along with the bid.

Interested and eligible bidders may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time.

**Tender available:** from 30.04.2025 at 11.00 Hrs. to 05.05.2025 at 16.00 Hrs.

**Last date of Bid submission:** 05.05.2025 up to 17.00 Hrs.

**Contact details:** Deepak Kumar Pattanaik, Mob No - +91 - 9692159526

**Address:** Maruti Clean Coal and Power Limited, Vill.-Bandhakhar, Tehsil- Pali, Distt-Korba (CG)

**-S/d-**
**Maruti Clean Coal and Power Limited**

## डीएवी स्कूल में पात्र अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पूर्ण

**मस्तूरी।** निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल परसदा वेद में कुल 39 अभ्यार्थियों ने अपना फार्म जमा किया, जिसमें से पात्र अभ्यर्थियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से मंगलवार को शासकीयी हाई स्कूल परसदा वेद में किया गया। शासन के निर्देशानुसार पितृहीन दो बच्चे अरोही सिंह एवं इवांशी चौबे को लॉटरी में शामिल न करते हुए पहले ही चयन प्रक्रिया में शामिल कर प्रवेश के लिए चयन किया गया। तत्पश्चात 21 बच्चों के चयन को लेकर उपस्थित अभिभावकों से लॉटरी निकलवा कर चयन किया गया। उक्त 21 सभी प्रवेश के लिए चयन हुए छात्र -छात्राओं के नामों की विधिवत घोषणा नोडल अधिकारी सीमा चंदेल ने किया।

## निधन

### सीव्हीआर मूर्ति



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी सीव्हीआर मूर्ति का 28 अप्रैल को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह धर्मावरम आंध्रप्रदेश में किया गया। वे सी. नागराज शर्मा, सी चंद्रशेखर शर्मा, पी गायत्री के पिता थे।

### दिलचंद पाठक



**तखतपुर।** ग्राम पेण्ड्री निवासी दिलचंद पाठक का 50 वर्ष की उम्र में 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे तुंगन प्रसाद पाठक के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खम्हरिया पेण्ड्रीं में किया गया।

### सुहागा देवी



**तखतपुर।** ब्लाक कालोनी निवासी सुहागा देवी का 23 अप्रैल को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जलेश्वर प्रसाद, राजकुमार, राजेन्द्र कुमार व डॉ. गजेन्द्र शर्मा की माता थीं।

अक्षय तृतीया एवं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महाकुंभ के 20 फेरे लगाने के बाद
महालक्ष्मी TOURS
Max. Temp. In May 30c
Min. Temp. In May 16c
पेश करते हैं...
नेपाल यात्रा (बनारस एवं अयोध्या)
बिलासपुर से नेपाल की दूरी मात्र 830 कि.मी.
5 दिन 5 रात नेपाल में
बनारस में काशी विश्वनाथ दर्शन, गंगा आरती, गोरखपुर में गोरखनाथ के दर्शन, नेपाल में पोरवरा शहर के दर्शनीय स्थल, मनोकामना मन्दिर एवं काठमाण्डू में पशुपतिनाथ के दर्शन एवं अन्य टूरिस्ट स्पॉट
अपर स्लीपर 16000/- | लोवर स्लीपर 17000/-
प्रिमियम क्लास
Ultra लक्जरी 40 सीटर AC, स्लीपर बस
(लंच एवं डिनर के साथ)
नेपाल यात्रा
बस शाम 4 बजे
बिलासपुर बस स्टैण्ड से रवाना होगी।



3 मई से 12 मई | 13 मई से 22 मई | 23 मई से 01 जून तक
बिलासपुर, अंबिकापुर, वाड्रफनगर, बनारस, गोरखपुर, नेपाल
टूर में पहली बार फायनेंस सुविधा भी उपलब्ध।
10,000 अभी दें बाकि अगले महीने पे करें।
फायनेंस के लिए 400 रु. अतिरिक्त शुल्क।
शहर की गर्मी से दूर, चलें हमारे साथ नेपाल की ठंडी वादियों में
18वीं यात्रा... जल्दी करें लिमिटेड सीट उपलब्ध
BOOKING AMOUNT 2000/- Only
For Booking Contact श्रीकांत वैष्णव 6232006690

अक्षय तृतीया
शादी-विवाह का विशेष अक्षय मुहूर्त
अक्षय तृतीया

पौराणिक ग्रंथों से पोषित आस्था का भाव कहता है कि सर्वसिद्ध मुहर्त के इस दिन किए गए शुभ कार्यों का अक्षय फल मिलता है। उनका पुण्य कभी नष्ट नहीं होता। विश्वास की यह परंपरा आज भी कायम है। इसीलिए आखा तीज के रूप में इस दिन व्रत-उपवास भी किया जाता है। इस दिन सोना धातु खरीदने,की भी रीत है। महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक शादी-ब्याह के लिए यह शुभ मुहूर्त माना जाता है। दरअसल, विद्यारंभ, विवाह बंधन, दान-दक्षिणा या जप तप जैसे सद्कार्यों और सदुणों की शुरुआत के लिए अक्षय तृतीया का दिन शुभता के भरोसे से पूरित भाव को लिए होता है। इनमें कुछ चीजें अर्थ लाभ से जुड़ी हैं तो कुछ समाज कल्याण की सोच से। हमारी सामाजिक-पारिवारिक संस्कृति में रिश्तों को भी पूंजी ही माना जाता है। इस दिन वैवाहिक बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने की आस्था संबंधों को अटूट बनाए रखने के भाव से पूरित होती है। वैवाहिक रिश्तों में जगह बना रहा मतभेद और बिखराव के इस दौर में पति-पत्नी के रिश्ते को साधने और थामने से जुड़ा यह भाव बेहद जरूरी है। शुरुआती कदम पर शुभता और आशा भरी सोच से इस बंधन को स्वीकारना आगे के सफर को सहज बनाता है।

शादी, सगाई, पार्टी, मांगलिक एवं अन्य सभी प्रकार के कार्यक्रमों हेतु संपर्क करें
कन्हैया लाल यादव
चंद्रमणी यादव
गीता टेंट हाऊस
बुकिंग हेतु पता : महर्षि स्कूल रोड, मंगला बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 8965050315, 7067565865

24 वर्षों से आपकी सेवा में...
शादी कार्ड की विशाल श्रृंखला
जायसवाल कार्ड एण्ड प्रिंटर्स
कम्प्यूटराईज्ड सील एवं मशीन
मेन रोड तेलीपारा, बिलासपुर (छ.ग.)
94252-26921, 98939-36467, 9300424563
Email Id:- jccbsp2@gmail.com

साँई कैटरर्स
हमारे यहां शादी-पार्टी, बर्थ-डे, सगाई, सालगिरह और सभी मांगलिक कार्यक्रमों के ऑर्डर लिए जाते हैं....
मैरिज पैकेज
• व्ही.आई.पी. पैकेज - 499/- प्रति प्लेट (31 डिस)
• स्पेशल पैकेज - 399/- प्रति प्लेट (25 डिस)
• मिडियम पैकेज - 199/- प्रति प्लेट (15 डिस)
इवेंट डेकोरेशन
• फ्लावर डेकोरेशन • लाईट डेकोरेशन
• स्टेज डेकोरेशन • वेन्यू डेकोरेशन
प्रो. नरेन्द्र राव
पताः जबड़ापारा, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
07869944278 9131372373

महालक्ष्मी पैलेस
संतोष साहू (संचालक)
शादी, पार्टी, सगाई पार्टी, जन्मदिन पार्टी, किटी पार्टी, कॉन्फ्रेंस मीटिंग हेतु भवन एसी हॉल, एसी रूम उपलब्ध।
महालक्ष्मी कैटरिंग
इवेन्ट्स डेकोरेटर्स एवं वेडिंग प्लानर
वेज व नानवेज सभी प्रकार के व्यंजन कुशल कारीगर द्वारा बनाये जाते है केटरिंग का आर्डर लिया जाता है।
न्यूनतम दर आपके बजट के अनुसार भवन एवं केटरिंग सुविधा उपलब्ध
बहतराई चौक, प्रथम हास्पिटल के पहले, सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8817377255, 9926484703

29- APR- BSP- C- EXTRA PG_Layout 1 4/29/2025 12:20 PM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




हेल्थ प्लस

## श्री शिशु भवन के डाक्टरों ने दिया नवजात बच्ची को नया जीवन





**बिलासपुर।** ईदगाह रोड स्थित श्री शिशु भवन के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने टीईएफ और डीए नामक एक दुर्लभ बीमारी से ग्रसित नवजात बच्ची का इलाज कर उसे नया जीवन दिलाने में सफलता प्राप्त की है। श्री शिशु भवन के डॉक्टर श्रीकांत गिरी ने बताया कि सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम बिलाईगढ़, मालदी निवासी लोकेश यादव और मनीषा यादव की नवजात बेटी जो एक दुर्लभ बीमारी ट्रेकियोसो फ़ेजियल फिस्टुला एवं डुयोडेनल एट्रेसिया से ग्रसित थी। इलाज के बाद अब वह पूरी तरह से ठीक है। उन्होंने बताया कि नवजात का जन्म के तुरंत बाद ही उसे सांस लेने में तकलीफ थी। उसे झटके आ रहे थे। उसकी स्थिति को देखते हुए उसे 5 अप्रैल को श्री शिशु भवन में भर्ती कराया। डॉक्टर गिरी ने बताया कि जांच में पता चला कि नवजात को टीईएफ और डीए नामक बीमारी थीं। दोनों बीमारियां एक ही नवजात में होने की संभावना दुर्लभ ही होती है। ट्रेकियोसो फ़ेजियल फिस्टुला जो अन्न प्रणाली और श्वास नली के बीच एक असामान्य संबंध के कारण यह जन्मजात बीमारी होती है। यह बीमारी भ्रूण के विकास के दौरान होती है। दूसरा ड्योडनल एट्रेसिया जो एक जन्मजात छोटी आंत रुकावट है यह छोटी आंत के पहले डुयोडेनम की एक रुकावट है जो जन्म से पहले ही बन जाती है। डॉ अनुराग कुमार द्वारा ऑपरेशन करने के बाद डॉ श्रीकांत गिरि, डॉक्टर रवि द्विवेदी, डॉक्टर रोशन शुक्ला, डॉक्टर प्रणव अंधारे, डॉक्टर मोनिका जयसवाल, डॉक्टर मेघा गोयल और उनकी पूरी मेडिकल टीम ने शिशु का ऑपरेशन के बाद पूरा इलाज किया। डॉ अनुराग कुमार द्वारा दो चरणों में किया गया ऑपरेशन सफल रहा। अब वह 24 दिन बाद पूर्णतया स्वस्थ है। नवजात के माता-पिता ने श्री शिशु भवन और डॉक्टरो आभार व्यक्त किया। यह जानकारी श्री शिशु भवन के प्रबंधक नवल वर्मा ने दी।

# अक्षय तृतीया आज, दान-धर्म व होगी पूजा



**बिलासपुर।** अक्षय तृतीया बुधवार को मनाई जाएगी, इस दिन 5 राजयोग का महासंयोग बनने के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग भी बन रहा है। साथ ही इस दिन रोहिणी नक्षत्र भी लगा है। मान्यता है कि सर्वार्थ सिद्धि योग का संबंध मां लक्ष्मी से होता है। इस शुभ योग में यदि मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है तो वह बहुत जल्दी प्रसन्न होती है और आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण करती हैं। इसलिए अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की पूजा से जुड़े कुछ उपाय करने से आपको अक्षय लाभ मिलता है और आपके धन समृद्धि में वृद्धि होती है।



## आज होगा कन्यादान महायज्ञ

निर्धन परिवारों की बेटियों के सम्मानजनक विवाह के लिए शोभा टाह फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष कन्यादान महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया जाएगा। आयोजन का यह 11वां वर्ष है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने सभी से आग्रह किया कि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कन्यादान महायज्ञ में पंजीकृत 11 जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। विवाह के लिए जगन्नाथ मंगलम तैयारी की गई है।

# परशुराम जन्मोत्सवः 151 यूनिट ब्लड जीवन रक्षा में आएगा काम

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन मंगलवार को समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना द्वारा विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विप्रजनों ने 151 यूनिट रक्तदान करके एक अच्छा सामाजिक संदेश दिया। शिविर में किया गया रक्तदान जरूरतमंदों के जीवन रक्षा के काम आएगा।





रक्तदाताओं को परशु सेना ने भेंट किए हेलमेट, 1 मई को निकलेगी शोभायात्रा

बिलासपुर। समग्र ब्राम्हण समाज के आदर्श दुबे ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सार्थक करने के लिए समाज द्वारा विविध प्रकार के सामाजिक- सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं, जिसके तहत अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए आज रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर में बड़ी संख्या में महिला और पुरूषों ने भाग लिया। हॉटल आनंदा इंपीरियल में आयोजित शिविर में बेलतरा विधायक शुक्ला, एसएसडी बड़गैय्या, विवेक वाजपेयी, चंद्रप्रकाश वाजपेयी, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, अमित तिवारी, देवेंद्र पाठक, प्रचल चौबे, मनीष शर्मा, अमित शुक्ला, सोमू दुबे, समेत बड़ी संख्या में परशु सेना के सदस्य उपस्थित रहें।

### रक्तदाताओं को हेलमेट दिया गया

शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना द्वारा उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट किया गया। आयोजन समिति ने नागरिकों को दुर्घटना से बचाव और सुरक्षित रहे, इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर उपहार के रूप में हेलमेट प्रदान किया है। साथ ही सभी से अपील भी कि गई कि वे हेलमेट का हमेशा उपयोग कर ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### इनका विशेष सहयोग रहा

विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को सफल बनाने में डॉ.राजीव लोचन भांजा, डॉ.केके तिवारी, डॉ. कविता बब्बर, डॉ. दीपमाला पटेल, डॉ.सिद्धार्थ कुमार, डॉ.वैभव कांत बदेरिया, डॉ. रॉबिन चक्रवर्ती, डॉ.लाजपत अग्रवाल, डॉ. संदीप तिवारी, सुमित विधानी, मुकेश विधानी समेत चिकित्सा टीम की विशेष भूमिका रही।

### पूजा अर्चना आज, 1 मई को शोभायात्रा

चार दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत 30 अप्रैल को कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के भवन में भगवान परशुराम जी की पूजा, हवन और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान सभी विप्र समाज द्वारा अलग अलग स्थानों पर पूजा और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 1 मई को परपंरा अनुसार शीतला माता मंदिर दयालबंद से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका पं.देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में धर्मसभा के रूप में समापन होगा। इस अवसर पर धर्मसभा में आशीर्वचन देने प्रमुख रूप से पूज्य संत चिन्मयानंद बापू उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम

## सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन ने नृत्य-संगीत की दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में नववर्ष अनुष्ठान का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ महासचिव असित वरन दास ने किया। इस दौरान सदस्यों ने गीत, संगीत, नाट्य प्रस्तुति से नववर्ष का स्वागत किया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मानवेंद्र चटर्जी, गोपाल मुखर्जी, नमिता घोष, विकास घोषाल, आर एन चटर्जी, उदयन दासगुप्ता द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्था के गीत,धन धान्य पुष्प भरा से सदस्यों ने स्वागत किया। सदस्यों ने दो ग्रुप संगीत, पुरानो दिन पुरानो मोन तथा चैत्रीर हाथ धोरे बैसाखी उनमना का मनमोहक प्रस्तुति दी। संस्था के सदस्यों ने गीत प्रस्तुत किया। वहीं शिशु कलाकारों ने मंच पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिनमें दिव्यांका, आदिति, अंजली, आदित्रि, पूजा ने खूबसूरत प्रस्तुति दी। मंच संचालन सौभिक दासगुप्ता ने अलग -अलग अंचल से पधारे शिशु कलाकारों को मंच में गीत संगीत और नाट्य प्रस्तुति के लिए आवाज दिया। जिसमें नाटक करूणा सागर में रामकृष्ण और स्वामी विवेकानंद पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति हुईं। संस्था ने पहलगांव में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि प्रदान की। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अमित चक्रबर्ती ने किया।

# छात्र जीवन व्यक्तित्व की नींव है, विधि शिक्षा न्याय और समाज सेवा का माध्यम



कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय में सम्मान सह पुरस्कार वितरण एवं पुस्तक विमोचन

**बिलासपुर।** कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय में सम्मान सह पुरस्कार वितरण एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्तित्व निर्माण की नींव है और विधि शिक्षा न्याय, जिम्मेदारी तथा समाज सेवा का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी और समर्पण के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उपमुख्यमंत्री ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी इसी महाविद्यालय से विधि की पढ़ाई पूरी की थी।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने कॉलेज के विकास के लिए अतिरिक्त भवन कक्ष निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही लाइब्रेरी को आधुनिक बनाने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान एम.ई. सोसायटी के सदस्य प्रतिनिधि डी.के. सोलंकी, दानदाता सदस्य ई. कस्तूरी राव, उपप्राचार्य प्रो. पुष्पलता, क्रीड़ा अधिकारी आशीष बाजपेयी, प्रो. रमेश पाण्डेय, स्वाति, वियन श्रीवास्तव, डॉ. सोनाली पोद्दार, मुक्ता त्रिपाठी, शिवा पाण्डेय, मनीष मिश्रा, अभिषेक बंजारे, पूर्व छात्र प्रभात सोनछत्र, सचिन यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सूरज शर्मा, अंजूलता साहू ने किया।



### 77 साल से विधि महाविद्यालय का संचालन

प्राचार्य सतीश तिवारी ने बताया कि इस महाविद्यालय का संचालन 1948 से हो रहा है। यहां से कई न्यायाधीश, मंत्री, जनप्रतिनिधियों ने एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि कॉलेज को केवल एक बार 2005 में 2 लाख का ग्रांट शासन से मिला था, उसके बाद कोई सहायता नहीं मिली। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से शासन से कॉलेज के विकास के लिए सहयोग प्रदान करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुधीर सिंह की तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया।

### छात्र-छात्राओं ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हिमांशी ने गणेश नृत्य, नरेन्द्र गेंद्ले ने पंथी नृत्य और निशा ध्रुवे व अर्चना जगत ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। मानसी ने एकल नृत्य महाभारत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। रेवती मार्को ने पृथ्वी बचाओ नाटिका पेश की। कल्पना केयरकर ने महाकाली स्तुति, रियांजलि ने छत्तीसगढ़ी नृत्य और शम्मुनिशा व समूह ने लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा बॉलीवुड, राजस्थानी घूमर, बंगाली डांस, कत्थक, समूह गायन, बीट्स प्रस्तुति व महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक ने भी खूब सराहना बटोरी।

# राधे राधे की धुन पर झूम उठे भक्त

**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन गया, जिसमें कथा वाचक आचार्य हेमंत पाण्डेय ने भजन कीर्तन व सतमार्ग पर चलते हुए अपना जीवन व्यतीत करने को कहा। कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण उपस्थित थे।




संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन महाभारत चरित्र, कुंती भीष्म स्तुति, परिक्षित जन्म, सुखदेव आगमन का कथा वाचन हुआ। तीसरे दिन प्रहलाद चरित्र, राम अवतार, कृष्ण जन्म हुआ। चौथे दिन महारास, मथुरा गमन, उद्धव गोपी संवाद रूखमणी विवाह का आयोजन किया। पांचवें दिन भागवत माहात्म्य भक्ति नारद संवाद एवं श्रवण विधि हुआ। छठवें दिन वराह अवतार, ध्रुव चरित्र अजामिलो पाख्यान किया गया। सातवें दिन श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा हुई व आठवें दिन सुदामा चरित्र, सुकदेव पूजन हुआ। मुख्य यजमान के रूप में पुरूषोत्तम गढ़ेवाल,सरोज गढ़ेवाल, विनय गढ़ेवाल, सती गढ़ेवाल, संतोष गढ़ेवाल, उमारानी गढ़ेवाल व अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य व सभापति परमेश्वर पटेल, सरपंच बलराम पटेल, उपसरपंच रामकुमार गढ़ेवाल सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद थे।

आयोजन

## प्रशिक्षण शिविर में 49 बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज महासभा ट्रस्ट के द्वारा रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिनों का निशुल्क कम्प्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण शिविर एवं कैरियर गाइडेंस कैंप आयोजित किया गया। जिसमें समाज के बच्चे, युवक, युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी प्रशिक्षण में भाग लेना और उसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय आना उतना ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं है। जितना इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभा को निखारना। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही समाज को सशक्त व सुदृढ़ बनाया जा सकता है। इस दौरान समाज के लगभग 49 बच्चों ने हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग सीखकर अपनी प्रतिभा को तराशा। प्रशिक्षण शिविर के प्राचार्य रौनित कम्प्यूटर संचालक एवं प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत कर उनका हौसला आफजाई किया। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

स्पोर्ट्स न्यूज



# छत्तीसगढ़ बेसबॉल बालक-बालिका टीम ने सिल्वर मैडल पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

68वी राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता बेसबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका का आयोजन दिल्ली में किया गया,जिसमे छत्तीसग़ढ दल के कोच अख्तर खान ने बताया कि फाइनल मुकाबला दोनो वर्गो में दिल्ली से रहा। जिसमें छत्तीसग़ढ बालिका ने दिल्ली टीम को टककर देते हुए 2 इनिंग तक मैच को 00-00 में बनाए रखा। लेकिन आखिरी 3 इनिंग में थोड़ा मिस फील्डिंग होने से दिल्ली टीम का 1 रन ही बना पाई। जिसके वजह से बालिका टीम को सिल्वर मैडम से ही संतुष्ट होना पड़ा। इस टीम में महिमा पैकरा, हिंगेश्वरी, साक्षी ध्रुव, महिमा यादव, दीक्षा पांडे, खुशी पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला मेजबान दिल्ली के साथ रहा जिसमें बालक टीम ने भी दिल्ली टीम को बेहतर खेल का प्रदर्शन दिखाया लेकिन दिल्ली टीम के हिटिंग में छत्तीसगढ़ टीम को 00-02 के स्कोर से हार हरवा दी।वहीं छत्तीसगढ़ टीम ने मैच अपने हाथ से गयावा और सिल्वर मैडल पक्का किया। टीम में योगेश ध्रुव, यश चौहान, सुनील ध्रुव, देवेंद्र मड़ावी, अभिवान, संतराम, सुखदेव, गोपी, प्रवीण, भावेश, तन्मय, विशाल बढ़ियां खेला और टीम को मैडल दिलाने में योगदान दिया। सहायक संचालक क्रीड़ा अनिल मिश्रा, जीडी गर्ग, अवध चंद्राकर भारतीय बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, प्रदेश दल की प्रमुख प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा,दिनेश वर्गीस अमित मिश्रा, लखन देवांगन संदीप गाहिरे ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# डॉ अभिनव का राष्ट्रीय राइफल्स शूटिंग प्रतियोगिता में चयन

शहर के प्रतिभावान डॉ अभिनव साहू का चयन राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उनका चयन दिल्ली में आयोजित कुमार सुरेंद्र सिंग मेमोरियल राष्ट्रीय 50 मीटर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 597.3 अंक प्राप्त करने पर हुआ है।

**बिलासपुर।** इसके पहले भी उन्होंने पश्चिम बंगाल में आयोजित प्री नेशनल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल कर नेशनल कॉम्पिटिशन के लिए क्वालीफाई किया था तथा फरवरी में मऊ में



आयोजित 300 मीटर ओपन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 275 अंकों के साथ 300 मीटर नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। डॉ अभिनव साहू चिल्ड्रन हॉस्पिटल में अपनी सेवा देते हैं। उनके इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों ने शुभकामनायें दी।


अक्षय तृतीया पावन पर्व एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव की अनंत शुभकामनाऐं
पं अनुज मिश्रा
पं संजय पांडेय
पं आशीष तिवारी
पं अभिषेक चौबे
पं प्रचल चौबे
पं नवीन तिवारी
भव्य शोभायात्रा
दिनांक 01 मई, गुरूवार शायं 04 बजे
प्रारंभ - शीतला माता मंदिर दयालबंद
विप्र समागम, महाआरती एवं महाप्रसाद-देवकीनंदन दीक्षित शाला प्रांगण
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं...
समग्र ब्राम्हण समाज संग परशुसेना
पं. प्रशांत मिश्रा
मेसर्स- PMCC बिलासपुर
पं. शैलेष उपाध्याय
मेसर्स- जय हनुमान, बिलासपुर

29-APR--REGNOL-ALTAR--BSP (C)-pg-EXTRA PAGE_Layout 1 4/29/2025 11:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सोंढार में प्याऊ घर की शुरुआत




**धरमपुरा।** भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत सोंढार के मेन रोड गांधीनगर में प्याऊ घर की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

### अक्षय तृतीया आज, किया जाएगा गुड्डे-गुड़ियों का विवाह



**तखतपुर।** अक्षय तृतीया का पर्व एक प्रमुख पर्व माना जाता है। इस दिन नए मटके से पानी पीने की शुरूआत के साथ साथ मटके में पानी दान करने की भी परंपरा है। साथ ही इस दिन बच्चे पूरे पारंपरिक रिवाजों के साथ गुड्डे-गुड़ियों का विवाह कराते हैं। बाजार में इन दिनों मटके की आवक हो गई है एवं लोगों ने बाजार से अक्षय तृतीया के लिए मटकों की खूब खरीदी की। मांग बढ़ने के कारण मटके के दामों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। छोटे-छोटे बच्चों के लिए गुड्डे-गुड़ियों का बाजार सजा रहा एवं बच्चों ने बाजार से जमकर गुड्डे-गुड़ियों की खरीदी की।

### अक्ती को लेकर बाजार में रही रौनक, खरीददारी में जुटे रहे लोग



**लोरमी।** अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रूप में मनाने की परंपरा है, जिसको लेकर क्षेत्र के कुम्हार जोरों से तैयारियों में लगे हुए हैं। अक्ती त्योहार पर मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों की बाजार में मांग होती है, जिसे पूरा करने बाजार में गुड्डा-गुड़िया की खूब रौनक रही।

### कर्मचारी के निधन के बाद पत्नी को दिया गया चेक



लोरमी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी अंतर्गत ग्राम सुकली में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर कार्यरत गिरीराज सिंह राजपूत का आकस्मिक निधन 27 अप्रैल को हो गया। इस पर बीएमओ डॉ जीएस दाऊ ने मृतक गिरीराज सिंह की मृत्यु पर पचास हजार रूपए का चेक मृतक की पत्नी अमिता राजपूत को उनके निवास सारधा जाकर प्रदान किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी के गनपत लाल डडसेना लेखापाल, मनोज ध्रुव संगणक, किशोर साहू सहायक ग्रेड 3, नरेन्द्र भास्कर वाहन चालक, कयुरभूषण उपाध्याय, नरेन्द्र राजपूत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं उनके परिवार के सदस्य सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने नरेश टिकैत का फूंका पुतला



**गौरेला।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया। इसी क्रम में जीपीएम में भी नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया। किसान नेता और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान से सिंधु समझौता तोड़ते हुए सिंधु नदी का पानी रोक दिया है, किन्तु नरेश टिकैत जैसे नेता इसके विरोध में उतर आए हैं। ये लोग पकिस्तान के पक्ष में बयानबाजी कर रहे हैं। नरेश टिकैत को देशद्रोही घोषित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, मथुरा सोनी, रमेश तिवारी, शंकर चक्रधारी, लूशन राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता उपस्थित रहे और जमकर नारेबाजी की।

### सुशासन तिहार में मांगी गई ईडब्लूएस प्रमाण पत्रों की सूची

**लोरमी।** सुशासन तिहार में ग्राम गांधीडीह निवासी परस राम राजपूत ने वर्ष 2023 से मार्च 2025 तक तहसील कार्यालय से बनाए गए ईडब्लू एस प्रमाण पत्रों की सूची की मांग आवेदन देकर की है । आवेदक परस राम राजपूत ने ईडब्लूएस प्रमाण पत्र धारी हितग्राहियों का नाम पिता का नाम सहित सूची की मांग की है।

## मनियारी नदी पर बने संकरे पुल पर हल्की बारिश के बाद भरा पानी





## राहगीर जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे

*जरहागांव। बरेला मनियारी पुल की हालत किसी से छिपी नहीं है, अधिकारी से लेकर बड़े-बड़े नेता व जनप्रतिनिधियों का इसी मार्ग से आना जाना होता है, लेकिन किसी को इससे कुछ लेना देना नहीं है। कुछ दिन पूर्व हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद गड्ढों को भर कर खानापूर्ति की गई थी, लेकिन उसके बाद किसी ने इस तरफ मुड़कर भी नहीं देखा। नतीजन पानी गिरने या पाइप लाइन के फटने से सड़क लबालब हो जाती है। मंगलवार शाम को बारिश होने के कारण पुल के ऊपर एक फुट पानी भर गया, जिनके कारण राहगीरों को जान जोखिम में डाल कर पुल पार करना पड़ा। चूंकि पुल बेहद सकरा है एवं बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन पार करना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि इस रास्ते पर पैदल चलने वालों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।*

### पुल से एक साथ नहीं गुजर सकते दो वाहन-

*मनियारी पुल में बने रेलिंग जर्जर होने एवं पुल सकरा होने के कारण यहां से एक बार में एक से अधिक वाहन नहीं गुजर सकते। एक वाहन के पुल पार करने तक दूसरे वाहन को इतंजार करना पड़ता है। कई बार एमरजेंसी एंबुलेंस वाहन को भी पुल पार करने हेतु काफी मशक्कत करनी पड़ती है।*

## भारी यातायात का खामियाजा भुगत रहे आम नागरिक

# अस्त-व्यस्त ट्रैफिक और खराब सड़क ने 16 महीनों में ले ली 20 से अधिक जानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही, खराब सड़क और सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े ने जरहागांव थाना क्षेत्र में सोलह महीने में 20 से भी ज्यादा लोगों की जान ले ली है। दो जिलों के बीच फंसे क्षेत्र के लोगों की किस्मत बदलने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन सड़क हादसों में कोई घायल हो रहा है, तो कोई अपनों को खो रहा है।

**खास बात**
- एक दूसरे के मुंह ताक रहे है दो जिलों के अधिकारी

जानकारी के अनुसार मुंगेली से बिलासपुर जाने वाले एनएच पर भारी वाहन बेखौफ मौत बनकर दौड़ते हैं। बरेला के बिजली ऑफिस तथा तखतपुर के बेलसरी मोड़ के पास से बाईपास सड़क है पर वाहन चालक उस मार्ग से नहीं गुजरते सीधा शहर में प्रवेश करते हुए बरेला के पास मनियारी नदी पर बने पुल को क्रास करते हैं। बरेला पुल के संकरा होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है नतीजतन राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। बरेला से जरहागांव धरमपुरा तक अनेक स्थानों पर अक्सर मवेशियों का डेरा रहता है। इस पर जिम्मेदारों द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। उक्त समस्या को गंभीर बनाने में गौपालकों का लापरवाही सामने आ रही है। वे अपने मवेशियों को नियंत्रण में नहीं रखते नतीजतन मवेशी सड़क पर अपना डेरा जमा लेते हैं। विगत वर्ष सड़क पर बैठे पांच मवेशियों को कुचलकर वाहन चालक फरार हो गए थे। सड़क पर मवेशी रहने से लोग तो दुर्घटना का शिकार हो ही रहे हैं मवेशियों की जान जा रही है। मुंगेली जिला तथा बिलासपुर जिला के बीच में मनियारी पुल है जो संकरा और जर्जर है पुल से भारी वाहन का गुजरना, जाम होने के साथ मौत को आमंत्रण देते है। बाई पास सड़क शुरू करने के विषय पर बात करने पर मुंगेली तथा बिलासपुर जिले के अधिकारी एक दूसरे के सिर पर ठीकरा फोड़ते हैं। समस्या का समाधान करने के बजाय अधिकारी एक दूसरे के मुंह ताक रहे हैं।



मनियारी पुल पर अस्त व्यवस्त ट्रैफिक, व सड़क पर मवेशियों का डेरा।



### ज्ञापन सौंपा गया

भारी वाहनों को बायपास सड़क से गुजरने के विषय में तखतपुर थाना तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है, जिस पर उनकी ओर से आश्वासन मिला है। बेलसरी बायपास से भारी वाहनों को भेजने का प्रयास नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रशासनिक निर्देश नहीं मिला है।

- **डॉ रविंदर कौर मक्कड़**, नपा अध्यक्ष तखतपुर

### नहीं मिला आदेश

यातायात विभाग या जिला प्रशासन की ओर से अब तक भारी वाहनों को डायवर्ट के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, इसके बावजूद बेलसरी मोड़ के पास समय-समय पर बल की तैनाती की जाती है। इसी क्रम में सड़क पर भारी वाहन खड़े पाए जाने पर दो वाहनों पर 285 के तहत कार्रवाई की गई।

- **देवेश सिंह राठौर**, थाना प्रभारी तखतपुर

### नहीं हो रहे डायवर्ट

भारी वाहनों के कारण बरेला पुल के पास आए दिन जाम लगा रहता है। बायपास सड़क का उपयोग नहीं होने से भारी वाहन मेन रोड से गुजरते हैं। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है, ताकि भारी वाहनों को डायवर्ट किया जा सके, लेकिन इस पर अमल नहीं हो रहा है।

- **नरेश पटेल**, नगर पंचायत अध्यक्ष बरेला

### मरम्मत की आवश्यकता

बायपास सड़क खराब हो गई है, जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है। इस विषय पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई है। कुछ दुर्घटनाएं सड़क पर मवेशिओं के जमावड़े के कारण हई हैं, इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। रही बात भारी वाहन डायवर्ट करने की, तो इस पर कोई निर्देश नहीं मिला है। बायपास सड़क खराब होने के कारण भारी वाहन वहां से जाना पसंद नहीं करते यह जानकारी वाहन चालकों से मिली है।

- **सुशील कुमार बंछोर**, थाना प्रभारी जरहागांव

### समन्वय जरुरी

भारी वाहनों की रोकथाम हेतु मुंगेली व बिलासपुर जिले के अधिकारियों के बीच समन्वय होना जरूरी है। बायपास सड़क जर्जर है, इसलिए वाहन चालक वहां से वाहन ले जाना नहीं चाहते। समय-समय पर यातायात जागरूकता अभियान के साथ भारी वाहनों पर कार्रवाई की जाती है।

- **यशवंत राजपूत**, यातयात प्रभारी मुंगेली

### सड़क दुर्घटनाओं में इनकी हुई मौत

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धनगांव गोसाई निवासी महेंद्र नवरंग पिता परमेश्वर नवरंग आयु 39 मवेशी को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गए, जिसमें इनकी मौत हो गई। पथरिया मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बंधवा लालपुर निवासी कलेश्वर पिता रमेश माथुर एवं रामेश्वर बघेल पिता विश्राम बघेल की मौत हो गई। इसी तरह मवेशी के कारण हुए हादसे में भटगांव निवासी परसराम गोड पिता अशरु राम गोड़ की मौत, सिद्धि राइस मिल बरेला के पास मवेशियों को बचाते वक्त हुए हादसे में मादन निवासी रामायण पिता सुखीराम की मौत, आयशा ट्रेडर्स बरेला के पास पिकअप की टक्कर से बरेला निवासी दयाशंकर सोनी पिता शिव कुमार सोनी की मौत, मवेशी को बचाने के चक्कर में किशनपुर दशरंगपुर में बरदूली निवासी पुरन लाल साहू पिता लतेल साहू की मौत, धरमपुरा गांधी नगर में कार की टक्कर में बाइक सवार रामगढ़ निवासी दिलीप नट पिता बाबू लाल की मौत हो गई। फरहदा मोड़ जरहागांव में मवेशी को बचाने के चक्कर में बस की चपेट में आने से कौवा नार निवासी रामकुमार ध्रुव पिता गुमान ध्रुव की मौत, टोल प्लाजा के पास खराब सड़क के कारण तरंग यादव पिता नरेश यादव मौत, फरहदा के पास मवेशी को बचाते हुए ढोठमा निवासी रामखेलावन साहू पिता प्रभुलाल साहू की मौत, जरहागांव थाना के सामने डिवाइडर से टकराकर फरहदा निवासी बालाराम साहू पिता देवी राम साहू की मौत, बरेला बायपास के पास भारी वाहन की टक्कर में बाइक चालक फरहदा निवासी संजय साहू पिता कुंजबिहारी की मौत हो गई। साथ ही दशरंगपुर मेन रोड में हाइवा की चपेट में आने से भूमिया पारा फास्टरपुर निवासी देव राज पिता राम चंद्राकार की मौत, पूनम मिशनरी बरेला के सामने हाइवा चालक की टक्कर में नरेंद्र ध्रुव पिता धनु ध्रुव एवं राजा धुरी पिता राम आशा की मौत, माजदा की चपेट में आने से जरहागांव निवासी भूपेंद्र जायसवाल पिता रामकुमार जायसवाल की मौत एवं फरहदा मोड़ के पास बस से नीचे गिरकर बरेला निवासी कंडक्टर राममिलन पिता चंद्रिका प्रसाद तिवारी की मौत हो गई।

## अभी तक शुरू नहीं हुआ केसीसी बनाने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

जिले के मरवाही मुख्यालय की सहकारी समिति 3073 में खरीफ सीजन के लिए किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य अभी तक शुरू नही हुआ है, जबकि यह कार्य वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही तीव्र गति से किया जाता रहा है। वर्तमान वर्ष में अभी तक केसीसी हेतु किसानों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। गौरतलब हो कि धान खरीदी के समय स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा सभी सहकारी समितियों के प्रबंधक को इंटरचेंज कर दिया जाता है, जिसके चलते जब तक धान का पूरा उठाव नहीं हो सका है। मरवाही समिति में लगभग 5 हजार 4 सौ क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है, जिसके चलते सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टाफ एवं प्रबन्धक धान खरीदी स्थल में ड्यूटी देते हैं। इसी कारण प्रभारी प्रबंधक किसानों के ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में रुची नहीं ले रहे हैं। जिले की ही अन्य सहकारी समितियों में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। मंगलवार को सोसायटी आए एक किसान ध्यान सिंग आर्मो एवं अन्य किसानों ने बताया कि वे खाद एवं बीज के लिए इस बार पहले से ही केसीसी बनवाना चाह रहे थे, लेकिन सोसाइटी में अभी फार्म नहीं आया है कह कर उन्हें लौटा दिया जा रहा है।



### शीघ्र शुरू होगा कार्य

किसानों का केसीसी नहीं बन रहा है, इसकी जानकारी मिली है एवं इसकी चर्चा हमने अपने उच्च्य अधिकारियों से की हैं। कल या परसों से किसानों का केसीसी कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा

-**विनय साहू**, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक



### समारोह में प्रधान पाठक को दी गई विदाई, पुरस्कृत हुए बच्चे

**लोरमी।** ग्राम लालपुर कला की मिडिल एवं प्राथमिक शाला में पांचवीं, आंठवीं के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला में पदस्थ सेवा निवृत्त प्रधान पाठक विजय कुमार ध्रुव को विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि बीईओ डीएस राजपूत ने कहा कि इनके नेतृत्व में बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रगति की। पिंटू कश्यप और योगेश्वर कश्यप का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि रामगोपाल कश्यप रहे एवं लव निर्मलकर, दरबार सिंह राजपूत, कृष्णकुमार साहू, अनीता राजपूत, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, रितेश कश्यप, ज्योति मिश्रा, गायत्री राजपूत, युगल राजपूत, सनत निर्मलकर उपस्थित रहे। आभार प्रकट चंद्रकुमार राजपूत ने किया।

## जनदर्शन में मिली समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते अफसर।

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने आमलोगों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनदर्शन में कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए।इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान, तीनों अनुविभागों के एसडीएम और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान की चाबी मिलने पर जताया आभार मां कर्मा स्व सहायता समूह भठलीकला की महिलाओं द्वारा गत जनदर्शन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु भवन की चाबी नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। इस पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। भवन की चाबी मिलने के बाद समूह की महिलाएं आज पुनः जनदर्शन में पहुंचकर प्रशासन द्वारा किए गए त्वरित पहल की सराहना की और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पीएम आवास के हितग्राही परिवार से भी की मुलाकात

## नर्मदा की पूजा कर स्कूली बच्चों से मिले राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

राज्यपाल रमेन डेका जिला प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार सुबह अमरकंटक पहुंचे, जहां उन्होंने नर्मदा मैया के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, पीएमश्री स्कूलों, गुरूकुल पेंड्रारोड और लालपुर छात्रावास के बच्चों से भेंट कर चर्चा की।

राज्यपाल ने बच्चों से पढ़ाई लिखाई, उनकी रूचि, खेलकूद आदि के बारे में वार्तालाप किए। उन्होंने बच्चों को समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करने, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि उपकरणों का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करने सहित जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। स्कूली बच्चों ने परंपरागत रूप से कौड़ी और रस्सी के छल्लों से बनी माला पहनाकर और मोर पंख युक्त पगड़ी पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र पकरिया का भी अवलोकन किया, जहां उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर आत्मीय भाव से उनका नाम पूछा और उन्हें ड्राईंग किट भेंट किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, पोषण आदि की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर आम के पौधे लगाए। राज्यपाल ने ग्राम पकरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित परिवार से भी मिले। उन्होंने हितग्राही हरि सिंह एवं उनके परिवार के लोगों से चर्चा की और उनसे शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वनमंडल अधिकारी रौनक गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य एवं एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्राकर उपस्थित थे।



स्कूली बच्चों ने मुलाकात करते राज्यपाल रमेन डेका।

### विधायक व जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात

राज्यपाल रमेन डेका ने जिला प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को ईको हिल रिसार्ट धरमपानी में मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची और नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ ही गणमान्य नागरिकों ने सौजन्य मुलाकात की। विधायक ने पुष्प गुच्छ भेंटकर राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल डेका ने जनप्रतिनिधियों से जनसुविधाओं और जिले की विकास के संबंध में चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल को जिले के विकास के संबंध में मांग पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, पूर्व अध्यक्ष नपं अध्यक्ष रामजी श्रीवास, भाजपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, बृजलाल राठौर, नीरज जैन, शंकर चक्रधारी, लूसन राठौर, राजकुमार रोहणी एवं रमेश तिवारी उपस्थित थे।

### जिले के 353 स्थलों पर खुला मनियारी नीर प्याऊ घर



गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा जनहित में सराहनीय पहल की गई है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा जिले के 353 स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर मनियारी नीर प्याऊ घर स्थापित किए गए हैं। साथ ही मवेशियों, पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में जिला कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान आने वाले नागरिकों के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल के साथ शीतल शरबत की विशेष व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी शरबत का स्वाद लिया तथा आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं।